दैनिक भास्कर जयपुर जिला शाहपुरा 11-12-2024

राजकीय महाविद्यालय कानोता में मानव अधिकार दिवस पर कार्यक्रम

भास्कर न्यूज़ | कानोता

राजकीय कॉलेज कानोता में मंगलवार को मानव अधिकार दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तौफीक हुसैन ने की। उन्होंने मानव अधिकार दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा की थी। डॉ. हुसैन ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को जीवन यापन के लिए अपने परिवार और समाज पर कुछ अधिकार प्राप्त होते हैं, जो आपसी समझ और नियमों से निर्धारित होते हैं।

उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान में मानव अधिकारों को मूल अधिकारों के रूप में सुरक्षित रखा गया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारों के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका मीणा, विषय विशेषज्ञ बद्रीनारायण और डॉ. अर्चना करण मीणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।